15/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति और बड़े पैमाने पर सफलता देती हैं। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। यह चौथा मौका है जब राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन भारत में हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का मतलब है आखिरी व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति के लिए जन कल्याण की भावना से काम कर रही है। श्री मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में लगभग पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल आएं हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में UPI दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। साथ ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन बनाने वाला और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने नामसाई जिले के चोंगखाम में पाली विद्यापीठ में नव निर्मित साठ बिस्तरों वाली हॉस्टल बिल्डिंग का उदघाटन किया। इस अवसर पर हॉस्टल को समय पर पूरा करने के लिए पाली विद्यापीठ सोसाइटी और निर्माण एजेंसी को बधाई देते हुए, उन्होंने इलाके में बोर्डिंग सुविधाओं की बढ़ती मांग के अनुरुप भरोसा दिलाया कि सरकार हॉस्टल के आधारभूत संरचना के और विस्तार की संभावना तलाशेगी। उन्होंने सालाना ग्रांट-इन-एड और इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग के ज़रिए सरकार के लगातार समर्थन की प्रतिबद्धत्ता दोहराई। भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उपमुख्यमंत्री ने पाली भाषा और स्थानीय लिपियों, खासकर ताई खामती लिपि में शिक्षा को मज़बूत करने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए संस्थान को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम में स्थानीय भाषाओं को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000000

ईटानगर स्थित देरा नातुङ गवर्नमेंट कॉलेज में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर - CATC-157 सह युवा आपदा मित्र कार्यक्रम के सफल समापन के बाद, अरुणाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन में पहले रिस्पॉन्डर के तौर पर अस्सी गर्ल कैडेट सहित कुल एक सौ बावन प्रशिक्षित NCC कैडेट वॉलंटियर्स को शामिल किया जाएगा।

शिविर का आयोजन वन अरुणाचल प्रदेश बटालियन, नेशनल कैडेट कौर द्वारा आयोजित कर आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया पर खास ज़ोर दिया गया।

0000000000000000000000

नामसाई जिले के चौंगखाम स्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राएं, नांग सुजाता जेनो और कुसुम कुमारी मिश्रा, आगामी छब्बीस जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अथिति के तौर पर अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत राष्ट्रीय स्कूल इनोवेशन मैराथन में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर अपने प्रोजेक्ट के ज़रिए यह सम्मान हासिल किया है, जिसमें एक स्थायी भविष्य के लिए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए गए हैं।

0000000000000000000000

राज्य भर में छात्रों के लिए करियर गाइडेंस और काउंसलिंग सपोर्ट को मज़बूत करने के उद्देश्य से, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, ईटानगर में करियर गाइड पुस्तक और "माई करियर एडवाइजर" मोबाइल एप्लीकेशन पर तीन दिवसीय राज्य-स्तरीय कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

यह पुस्तक और ऐप छात्रों को उनके एकेडमिक और करियर में सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

0000000000000000000000

मिथुन पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र ने जोमलो मोंगकू मिथुन फार्मर फेडरेशन के साथ मिलकर सियांग के रिउ गांव में एक किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें अस्सी से ज़्यादा मिथुन पालकों ने ब्रीडिंग, हेल्थ मैनेजमेंट और सेमी-इंटेंसिव फार्मिंग जैसे मिथुन उत्पादन के वैज्ञानिक तरीके सीखे।

0000000000000000000000

सीमावर्ती श्रेत्रों में शिक्षा, राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक कल्याण को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के तहत, भारतीय सेना की गजराज कोर ने प्रोजेक्ट सद्भावना के अंतरगत तवांग जिले के जांग में नए सिरे से बनाए गए धर्म माटी स्कूल का उद्घाटन किया। इस नवीनीकरण परियोजना से स्कूल के शैक्षिक और आवासीय बुनियादी ढांचा को बेहतर बनाया गया है, जिससे छात्रों में सीखने एवं उनके समुचे कल्याण में बेहतर परिणाम हासिल होंगे।

0000000000000000000000

खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अरुणाचल प्रदेश महिला बीच सॉकर टीम द्वारा ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर, टीम को यूपिया के गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। बीच गेम्स के दौरान, अरुणाचल टीम पूरे नॉर्थ ईस्ट रीजन से यह उपलब्धि हासिल करने वाला एकमात्र राज्य बनकर उभरी है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के चार पैरा-एथलीट ताई राडे, बाले लाबुङ, ताज रिचो और आमाक वांगसा, सोलह से अट्ठारह जनवरी तक उत्तराखंड में आयोजित होने वाली सीनियर और जूनियर नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

0000000000000000000000